NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# वैश्वीकरण की दुनिया में भारत की विदेश नीति

## ( India's Foreign Policy in a Globalising World )

# B.P.S.E.-142

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

**C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of**

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Dr. Kusam Kumari*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

## Content

# वैश्वीकरण की दुनिया में भारत की विदेश नीति
# ( India's Foreign Policy in a Globalising World )

### Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)


Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper Exam Held in July 2022 (Solved) ........ 1

Sample Question Paper–1 (Solved) ........ 1

Sample Question Paper–2 (Solved) ........ 1


| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


**प्रस्तावना**
( Introduction )

1. भारत की विदेश नीति का विकास ........ 1
( Evolution of India's Foreign Policy )

2. भारत की विदेश नीति के निर्धारक ........ 13
( Determinants of India's Foreign Policy )

3. भारत की विदेश नीति के सिद्धांत एवं उद्देश्य ........ 22
( Principles and Objectives of India's Foreign Policy )

4. भारत विदेश नीति-निर्माण : संस्थाएं व तंत्र ........ 34
( Making of India's Foreign Policy: Institution and Mechanisms )

**प्रमुख शक्तियों के प्रति भारत की नीति**
( India's Policy Towards Major Powers )

5. यूएसए (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका) के प्रति भारत की नीति ........ 44
( India's Policy Towards USA )

6. रूस के प्रति भारत की नीति ........ 56
( India's Policy Towards Russia )

7. चीन के प्रति भारत की नीति संरचना ........ 69
( India's Policy Towards China )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|

**भारत की दक्षिण एशिया नीति**
( India's South Asia Policy )

8. पाकिस्तान के प्रति भारत की नीति ........ 78
( India's Policy Towards Pakistan )

9. अन्य पड़ोसियों के प्रति भारत की नीति ........ 88
(India's Policy Towards Neighbours)

**भारत और आस-पास के क्षेत्र**
( India and Its Regions )

10. भारत की एक्ट ईस्ट नीति ........ 104
( India's Act East Policy )

11. भारत तथा मध्य एशिया और पश्चिम एशिया ........ 113
( India and Cultural Asia and West Asia )

12. अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के प्रति भारत की नीति ........ 124
( India's Policy Towards Africa and Latin America )

**वैश्वीकरण दुनिया में भारत की चिंताएँ**
( India's Concerns in the Globalising World )

13. सुरक्षा चिंताएँ ........ 134
( Security Concerns )

14. पर्यावरण संबंधी चिंताएँ ........ 143
( Environmental Concerns )

15. आर्थिक संबंध ........ 152
( Econmic Concerns )

■■

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## वैश्वीकरण की दुनिया में भारत की विदेश नीति

**( India's Foreign Policy in a Globalising World )** **B.P.S.E.-142**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक भाग से दो प्रश्न अवश्य कीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**भाग-I**

**प्रश्न 1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर**–मोदी सरकार की विदेश नीति का पहला स्वरूप उनके प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में सामने आया, जब उनके द्वारा थिंक इंडिया, संवाद मंच नामक एक कार्यक्रम में उन्होंने कुछ मुख्य बिन्दुओं की ओर संकेत किया। अपने पड़ोसी राष्ट्रों से सम्बन्ध सुधार एवं शांति स्थापना एवं विश्व के अधिकांश राष्ट्रों के साथ द्विपक्षीय व्यापार एवं राजनीतिक साझेदारी करना है।

**पड़ोस पहले की नीति**–जिस प्रकार मोदी सरकार के शासन में आने से पूर्व ही यह संकेत बिंदु दे दिए थे कि उनकी नीतियों में पड़ोसी राष्ट्रों को प्रमुखता दी जाएगी। इसका साक्ष्य रूप उनके शपथ ग्रहण समारोह में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। जब राष्ट्राध्यक्ष इस समारोह में सम्मिलित हुए एवं प्रत्येक राष्ट्राध्यक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता की गई, जिसे मिनी सार्क सम्मेलन के रूप में कहा जाता है।

**लुक ईस्ट पॉलिसी**–वर्ष 1992 में नरसिम्हा सरकार के शासन काल में आर्थिक पक्ष को विशेष रूप से देखते हुए (Look East Policy) या पूर्व की ओर देखो, नीति का आह्वान किया गया था, वहीं वर्तमान मोदी सरकार ने इस नीति में रणनीतिक एवं सुरक्षा पक्षों को रखते हुए इसे लुक ईस्ट पॉलिसी के रूप में प्रतिस्थापित किया। इसमें आसियान एवं पूर्वी एशियाई के साथ संबंध सुधार प्रमुख केन्द्र बिन्दु होंगे। वहीं समुद्री नीति एवं सुरक्षा की बात कही जाए तो भारत का सामुद्रीन क्षेत्र हिन्द महासागर को माना जाता है, जो कि वर्तमान समय में चीनी रणनीतिक उपस्थिति के कारण एक हाटस्पाट में परिवर्तित हो रहा है। इस स्थिति में भारत चीन का मुकाबला करने के लिए अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग प्रस्तावों के माधयम से पहुंचना प्रारम्भ कर दिया। चीनी नौसैनिक गतिविधियों के विस्तार को देखते हुए मोदी प्रशासन द्वारा (प्रोजेक्ट मौसम) शुरू किया गया, जिसे चीनी समुद्री सिल्क रोड की प्रतिद्वंद्वी माना जाता है।

मोदी कार्यकाल की कुछ महत्वपूर्ण विदैशिक यात्राएँ, जिनमें पड़ोसी राष्ट्रों एवं अन्य प्रमुख राष्ट्रों की यात्राएँ महत्त्वपूर्ण है, जिनमें अपने कार्यकाल के 100 दिनों के भीतर भूटान, नेपाल की यात्राओं के साथ-साथ आस्ट्रेलिया, चीन और अमेरिका की वैदेशिक यात्रा का वर्णन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्रा की बात की जाए, तो उन्होंने अपनी प्रथम वैदेशिक यात्रा अपने पड़ोसी राष्ट्रों से प्रारम्भ की, जिसका संकेत उनके द्वारा पूर्व में ही दे दिया गया था। अपनी प्रथम यात्रा उन्होंने भूटान से प्रारम्भ की। यह 70 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की प्रथम यात्रा थी। उसके पश्चात नेपाल एवं अन्य पड़ोसी राष्ट्रों की यात्राएँ सम्पन्न हुईं।

**भारत-जापान संबंध**–प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा सफल मानी गई है। यह यात्रा केवल दो एशियाई राष्ट्रों का सहयोग मात्र नहीं है, बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में एशिया के महत्व पर प्रकाश डाला है। दोनों राष्ट्रों के मध्य चर्चित विषय बुलेट ट्रेन, अवसंरचना, विनिर्माण, परिवहन और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र आदि। जहां भारत को 3.5 ट्रिलियन येन (33.5 बिलियन डॉलर) जापानी निवेश प्राप्त हुआ। वहीं जापान को एक विशाल बाजार उपलब्ध हुआ। इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह था कि पूर्व में बढ़ते चीनी साम्राज्यवादी फौजीवादी दावों का मुकाबला करना।

**भारत-आस्ट्रेलिया संबंध**–भारत-आस्ट्रेलिया संबंधों की बात की जाए, तो ये विश्व धरातल पर अधिकांश निर्णयों पर एक जैसे विचार प्रस्तुत करते हैं। दोनों राष्ट्र एक जैसी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संसदीय आदर्श एवं भाषा का समर्थन करते हैं। हालिया आस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री टोनी एबांट की भारत यात्रा भारत-आस्ट्रेलिया पुरातन सम्बन्धों को पुनः ताजा करती है। दोनों राष्ट्रों का सहयोग दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र की शांति, समृद्धि और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है एवं यह सहयोग पूर्व में भी उतना उपयोगी माना जा रहा है।

**भारत-अमेरिका संबंध**–विश्व समुदाय में दोनों ही राष्ट्र सफल लोकतंत्र के रूप में देखे जाते हैं। दोनों ही राष्ट्रों के दृष्टिकोण वैश्विक महत्व के मुद्दे पर काफी समान देखने को मिलते हैं। दोनों राष्ट्रों के मध्य करीब आना रूस के साथ विश्वस्त दोस्ती का मत था, ना यह गुटनिरपेक्षता की भारत नीति का अंत था। यह प्रक्रिया मनमोहन सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी थी। ऊर्जा संकट समाप्त करने एवं व्यापार एवं वाणिज्य और दोनों के बीच

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

आर्थिक मजबूरी के कारण अमेरिका के साथ 2008 में असैन्य परमाणु करार का समापन किया।

विविध क्षेत्रों में आस्ट्रेलिया द्वारा अपने व्यापार क्षितिज को बढ़ाते हुए भारत में दसियों अरबों निवेश का वादा किया। स्वास्थ्य, जैव-प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी निवेश की संभावना व्यक्त की। इस प्रकार आस्ट्रेलिया भारत के लिए वित्तीय शक्ति प्रदाता स्थल बन सकता है। आस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री का इस प्रकार का विशेष रूझान भारत के विषेश हित को इंगित करता है, वहीं भारत-आस्ट्रेलिया का पाँचवां निवेश बाजार होने के कारण विषेश महत्ता रखता है, तो स्वाभाविक है कि आस्ट्रेलिया संबंध सुधार चाहता है।

**भारत-चीन संबंध**–भारत-चीन संबंध सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत रूप से करीबी राष्ट्र माने जाते थे, परन्तु ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के पश्चात 1947 में भारत आजादी के बाद ये सम्बन्ध सीमा मुद्दों के आधार पर बिगड़ते गये, वहीं 1962 में चीनी आक्रमण का सामना करते हुए हार का मुँह देखना पड़ा। जहां पिछले चरण में भारत एवं चीन संबंध सन्देहपूर्ण था, वहीं वर्तमान में दोनों राष्ट्रों द्वारा आपसी सहयोग एवं द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत करने के लिए दोनों राष्ट्र प्रयासरत हैं। दोनों राष्ट्रों के मध्य अधिक, व्यापारिक, शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के साथ सीमा विवाद स्थल पर संयुक्त कार्य समूह होने के अलावा वैज्ञानिक संबंधों में विविध रहे है हालांकि यह कोई विशेष समाधान की ओर नहीं पहुँचे हैं, वहीं चीन द्वारा नियमित रूप से भारत में घुसपैठ के मामले आते रहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पद सम्भालने के बाद महासभा की बैठक एवं दोनों राष्ट्रों के मध्य सम्बन्ध प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से यात्रा की गई, जिसमें बैठक में भाग लेने के साथ-साथ वे अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से मिले जो बहुत महत्वपूर्ण मानी गई।

**प्रश्न 2. भारत की विदेश नीति के उद्देश्यों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-3, पृष्ठ-23, 'भारतीय विदेश नीति के उद्देश्य'

**प्रश्न 3. शीत युद्ध की समाप्ति ने कैसे भारत-चीन के संबंधों को प्रभावित किया? विस्तार से बताइए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-7, पृष्ठ-71, प्रश्न 2 तथा पृष्ठ-72, प्रश्न 3

**प्रश्न 4. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**(क) गुजराल डॉक्ट्रिन (Gujral Doctrine)**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-8, पृष्ठ-78, 'परिचय' तथा पृष्ठ-80, 'ट्रैक-II कूटनीति', पृष्ठ-84, 'ट्रैक-II कूटनीति'

**(ख) ऐक्ट ईसट पॉलिसी (Act East Policy)**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-10, पृष्ठ-105, 'एक्ट ईस्ट नीति'

**भाग-II**

**प्रश्न 5. शीत युद्ध के बाद भारत की विदेश नीति की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ-11, प्रश्न 2

**प्रश्न 6. बेल्ट एण्ड रोड इनीशिएटिव (Belt and Road initiative) क्या है? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-7, पृष्ठ-73, प्रश्न 4

**प्रश्न 7. भारत-श्रीलंका संबंधों में प्रमुख मुद्दों को इंगित कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-9, पृष्ठ-100, प्रश्न 1

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**(क) सागर (SAGAR)**

**उत्तर**–क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (SAGAR) हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग की भारत की नीति या सिद्धांत है। इस नीति की घोषणा पहली बार 12 मार्च 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। हालांकि SAGAR के दृष्टिकोण के संबंध में कोई भी आधिकारिक वृत्तचित्र प्रकाशित नहीं किया गया है, लेकिन कई पहल और कई समुद्री घटनाएं हुई हैं, जिन्हें इसका एक हिस्सा माना जा सकता है।

**सागर का दृष्टिकोण**–यह हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) के मुख्य भाषण में था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर पहल के लिए एक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए कहा था कि 'हिंद महासागर क्षेत्र के लिए हमारा दृष्टिकोण हमारे क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने में निहित है' और हमारे साझा समुद्री क्षेत्र में सभी के लाभ के लिए अपनी क्षमताओं का उपयोग करना।' इस दृष्टिकोण के आधार पर SAGAR पहल को निम्नलिखित शर्तों के तहत परिभाषित किया जा सकता है–

**1. सुरक्षा**–तटीय सुरक्षा में वृद्धि ताकि भूमि और समुद्री क्षेत्रों की अपेक्षाकृत आसानी से सुरक्षा की जा सके।

**2. क्षमता निर्माण**–आर्थिक व्यापार और समुद्री सुरक्षा की सुचारू सुविधा के लिए आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को गहरा करना।

**3. सामूहिक कार्रवाई**–प्राकृतिक आपदाओं और समुद्री डकैती, आतंकवाद और उभरते गैर-राज्य अभिनेताओं जैसे समुद्री खतरों से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा देना।

**4. सतत विकास**–बेहतर सहयोग के माध्यम से सतत क्षेत्रीय विकास की दिशा में काम करना।

**5. समुद्री जुड़ाव**–अधिक विश्वास बनाने और समुद्री नियमों, मानदंडों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमारे तटों से परे देशों के साथ जुड़ाव।

**(ख) मध्य एशिया में नया ग्रेट गेम (New Great Game in Central Asia)**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-11, पृष्ठ-116, प्रश्न 1

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# वैश्वीकरण की दुनिया में भारत की विदेश नीति
# ( India's Foreign Policy in a Globalising World )

## प्रस्तावना
## ( Introduction )

## भारत की विदेश नीति का विकास
## ( Evolution of India's Foreign Policy )

1

### परिचय

किसी भी देश की विदेश नीति इतिहास के गहरा संबंध रखती है। भारत की विदेश नीति भी इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन से संबंध रखती है। ऐतिहासिक विरासत के रूप में भारत की विदेश नीति आज उन अनेक तथ्यों को समेटे हुए हैं, जो कभी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से उपजे थे। भारत की विदेश नीति के निर्माण का निर्णय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1932 में जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में किया। 1947 में स्वतंत्रता के बाद से भारत ने अधिकांश देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखे हैं। वर्तमान समय में विश्व का कोई भी देश अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की जटिल प्रकृति और कामकाज को देखते हुए दुनिया के साथ अपने व्यवहार में एक पृथकतावादी नीतिगत प्राथमिकता नहीं रख सकता है। वर्तमान में सभी देशों की परस्पर संबंधों में वैश्विक मामलों में सक्रिय भागीदारी है। भारत के मामले में कई ऐसे कारक हैं, जिन्होंने देश को एक निश्चित और व्यापक विदेश नीति विकसित करने के लिए तैयार किया।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### भारत की विदेश नीति की उत्पत्ति

स्वतंत्र भारत की विदेश नीति की जड़ें उन प्रस्तावों व नीतियों में ढूँढ़ी जा सकती हैं, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपनी स्थापना के पश्चात (1885-1947) महत्त्वपूर्ण विदेश नीति के विषयों पर अपनाई थी। ब्रिटिश शासन के दौरान ग्रेट ब्रिटेन में अपने राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए औपनिवेशिक सरकार ने भारत को वैश्विक राजनीति के भंवर में धकेलने से कोई संकोच नहीं किया। ब्रिटेन द्वारा अपनी स्थिति को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से भारत को अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में अनिवार्य रूप से एक पार्टी बना दिया गया था। पराधीन भारत की विदेश नीति का निर्माण 1885 में स्थापित इंडिया हाऊस लंदन में होता था। अंग्रेज अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करते थे, लेकिन फिर भी भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून के रूप में 'अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति' का दर्जा प्राप्त कर चुका था तथा कई विषयों पर कांग्रेस की प्रतिक्रियाओं के सकारात्मक परिणाम निकलने के साथ स्वतंत्र भारत की नीतियों हेतु ठोस आधार भी तैयार हो गया था। इसी आधार पर पराधीन भारत को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी प्राप्त होने लगी। इसी के परिणामस्वरूप ही भारत से फ्रांसिस्को में द्वितीय विश्व युद्ध के समापन के समय संयुक्त राष्ट्र चार्टर को अंतिम रूप देने और हस्ताक्षर करने की दिशा और विचार विमर्श में भारत की भागीदारी के परिणामस्वरूप ही भारत संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था का 1945 में प्रारंभिक सदस्य बन सका।

औपनिवेशिक शासनकाल के अंत में जब जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत की अंतरिम सरकार का गठन किया गया और नेहरू को देश का अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया, तो उनकी विदेश नीति के दृष्टिकोण अधिक तीव्र और स्पष्ट हो गए। नेहरू ने 7 सितंबर 1946 को एक प्रसारण में उनकी आदर्शवादी दृष्टि के माध्यम से भारत की विदेश नीति के बुनियादी मार्गदर्शक के सिद्धांत को अपनाने की बात कही। नेहरू ने अपनी विदेश नीति को अपनाने में राष्ट्रीय हितों के बुनियादी तत्वों को उस समय की अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के दबाव वाले मुद्दों के साथ इस तरह से जोड़ने की कोशिश की, जिससे राष्ट्रीय हितों की पूर्ति हो सके। भारत के राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के मार्ग में उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद और जातिवाद इत्यादि अनेक चुनौतियाँ थीं, जिनका अंत करके भारत शक्ति गुटों से गुटनिरपेक्षता और निरपेक्षता और एशिया और अफ्रीका के नए उभरते राष्ट्रों के बीच अधिक मित्रता और एकजुटता सब जुड़े हुए दिखने लगे। भारत ने विविधता में एकता के सिद्धांत को ग्रहण करते हुए अपने पड़ोसी

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

देशों खासकर चीन के साथ घनिष्ठ मित्रता की एकतरफा योजना विकसित करने की हद तक चला गया, किंतु चीन ने अपनी साम्राज्यवादी नीति के लिए कभी भी भारत की आदर्श विदेश नीति को महत्त्व नहीं दिया। संक्षेप में नेहरू ने प्रारंभिक काल में आदर्शवादी सिद्धांतों पर आधारित विदेश नीति का निर्माण किया।

**भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और विदेश नीति मूल्य**

विश्व-दृष्टिकोण के निर्माण में भारत के सभ्यागत मूल्यों, इसके दर्शन, संस्कृति और पिछली कई शताब्दियों के इतिहास और विरासत का योगदान रहा है। आधुनिक समय में भारत की विदेश नीति के निर्माण में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जैसे स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं ने भारत की अपनी स्वतंत्रता को अफ्रीका और एशिया में अन्य सभी उपनिवेशित लोगों की स्वतंत्रता का एक आंतरिक हिस्सा माना। भारत को अन्य सभी देशों के लिए औपनिवेशिक लोगों की स्वतंत्रता के लिए उत्प्रेरक बनना चाहिए।

भारत का मानना था कि जब तक एशिया और अफ्रीका के देशों पर उपनिवेशवाद और नस्लवाद हावी रहेगा, तब तक भारत की अपनी स्वतंत्रता खतरे में रहेगी। भारत का स्वतंत्रता संग्राम एक लोकप्रिय आंदोलन था, जो अहिंसा, सत्याग्रह और स्वदेशी के मूल्यों पर आधारित था। भारत के स्वतंत्रता संघर्ष ने लोगों को विभिन्न जातियों, भाषाई समूहों और समुदायों को एक एकीकृत राष्ट्रीय आंदोलन में ला दिया था। 1905 के बंगाल विभाजन ने भारतीय जनता को बहुत आंदोलित किया था। कई महत्त्वपूर्ण स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्रता आंदोलन को लोकप्रिय आंदोलन के रूप में देखा। महात्मा गाँधी ने अपने अफ्रीका के प्रवास के दौरान नस्लवाद और रंगभेद के काम को देखा था, इन सब परिस्थितियों में स्वतंत्रता आंदोलन से निकले मूल्य भारतीय विदेश नीति के मार्गदर्शक सिद्धांत बन गए।

जवाहरलाल नेहरू ने 7 सितंबर 1946 को भारत के विश्व दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए घोषणा की कि भारत की विदेश नीति का मुख्य मानदंड औपनिवेशिक और आश्रित देशों के लोगों की मुक्ति है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी भारत की विदेश नीति में एक अन्य सिद्धांत यह रखा कि भारत ब्रिटिश राष्ट्रमंडल देशों के साथ कभी भी अपने संबंधों को गंभीर नहीं करेगा। भारत जैसा एक नव स्वतंत्र राष्ट्र ब्रिटेन और अन्य अंग्रेजी बोलने वाले देशों के साथ अपने संबंधों को समाप्त नहीं कर सकता, अपितु आर्थिक विकास के लिए उसे अन्य राष्ट्रमंडल के समर्थन की आवश्यकता थी।

**भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारत के विश्व दृष्टिकोण का विकास**

ब्रिटिश शासन काल में राज्यतंत्र, न्यायिक प्रणाली, जनगणना प्रणाली, रेलवे, अखिल भारतीय सेवा, प्रशासनिक संरचना, डाक प्रणाली, कराधान प्रणाली, कपड़ा मिलों की स्थापना, कारखानों का निर्माण सभी का भारत पर एक एकीकृत प्रभाव पड़ा। इन परिवर्तनों ने भारत के लोगों में एक नवचेतना का जागरण किया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना इसी बढ़ती हुई राष्ट्रीय चेतना का परिणाम थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने वार्षिक सत्रों में विचार-विमर्श के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों को उठाया। इसका एक उदाहरण महात्मा गाँधी है, जो 1919 में तुर्की में खिलाफत की बहाली के समर्थन में सामने आए थे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1920 के नागपुर अधिवेशन में महात्मा गाँधी ने स्वराज के प्रस्ताव को खिलाफत की माँगों के साथ जोड़ते हुए दोहरे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए असहयोग की योजना अपनायी। इसी प्रकार 1921 में कांग्रेस के अहमदाबाद के अधिवेशन में हाकिम अजमल खान की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय विकास पर एक प्रस्ताव रखने का फैसला किया था। 1938 के हरिपुरा अधिवेशन में सार्वभौमिक निरस्त्रीकरण और सामूहिक सुरक्षा जैसे मुद्दों को विदेश नीति में शामिल करने का संकल्प किया। वर्तमान में भी ये दोनों सिद्धांत भारत की विदेश नीति का आधारशिला बने हुए हैं।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात 1948 में जयपुर में आयोजित 55वें अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कहा कि भारत विश्व शांति, सभी राष्ट्रों की स्वतंत्रता, नस्लीय समानता और साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद के अंत को बढ़ावा देने के लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध है।

## नेहरू का काल

जवाहरलाल नेहरू को भारत की विदेश नीति का निर्माता माना जाता है। वे भारत के पहले प्रधानमंत्री तथा विदेशमंत्री बने। उन्होंने देश की विदेश नीति की बारीकियों को सैद्धांतिक और संचालनात्मक रूप दिया। नेहरू एक आदर्शवादी विचारक थे, इसलिए उन्होंने जिस विदेश नीति की कल्पना की थी, वह देश के मूल राष्ट्रीय हितों को पूरा करने के बजाय उनकी नैतिकतावादी विश्व दृष्टि के अनुरूप अधिक प्रतीत होती है। नेहरू ने स्वतंत्रता से पहले ही पश्चिम के हमलों के बीच एफ्रो-एशियाई एकजुटता के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता पर जोर दिया था। जब भारत स्वतंत्र हुआ, उस समय अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में शीतयुद्ध की परिस्थिति उत्पन्न हुई थी, जिसमें विश्व दो गुटों में विभाजित था, ऐसी स्थिति में, नेहरू ने गुटनिरपेक्षता की नीति विकसित करने के लिए स्पष्ट रूप से अन्य देशों, विशेषकर, मिस्र, इंडोनेशिया और यूगोस्लाविया के साथ मिलकर काम किया। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में गुटनिरपेक्षता की विशेषताओं के साथ भारत की विदेश नीति का सैद्धांतिक आधार बन गया। इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के विवेक रक्षक के रूप में संयुक्त राष्ट्र के गुणों और क्षमताओं में दृढ़ विश्वास, अंतर्राष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के अलावा भारत की विदेश नीति का एक महत्त्वपूर्ण पहलू भी बना।

भारत की विदेश नीति पंचशील के सिद्धांतों पर आधारित थी। जिसका उद्देश्य अपने पड़ोसी देशों के साथ भारत के अच्छे संबंधों की स्थापना करना था। भारत की विदेश नीति के सिद्धांतों में एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान, एक-दूसरे के प्रति गैर-आक्रामकता, एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में अहस्तक्षेप पर आधारित पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंध और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व आदि थे। नेहरू की पंचशील के सिद्धांतों में दृढ़ आस्था

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



थी। उनका मानना था कि भारत पड़ोसी देशों विशेषकर चीन के साथ व्यवहार में पंचशील के सिद्धांतों का पालन करेगा।

**नेहरूवादी सहमति**

भारतीय विदेश नीति के विषय विशेषज्ञ भारत की विदेश नीति में नेहरूवादी सहमति की बात करते हैं। उनके अनुसार भारत की विदेश नीति 'नेहरूवियन सर्वसम्मति' उन आदर्शों और सिद्धांतों से बनी है, जो स्वतंत्रता संग्राम के समय विकसित हुए थे; जैसे–नस्लवाद का विरोध, रंगभेद विरोध, साम्राज्यवाद का विरोध आदि गाँधीवादी विश्व दृष्टिकोण से आये थे। नेहरू ने विदेश नीति के निर्माण में गाँधीवादी मूल्यों और आकांक्षाओं को आत्मसात किया था और उन्हें एक आधुनिक भारत के विचार के साथ जोड़ा था। जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस और रवींद्रनाथ टैगोर सभी विचारकों ने दो विश्व युद्धों के मध्य की अवधि में लोकतंत्र, समाजवाद और फासीवाद के विचारों को निकटता से देखा। द्वितीय विश्व युद्ध की स्थिति को देखते हुए नेहरू ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गुटनिरपेक्षता के मार्ग का अनुसरण करने पर जोर दिया।

शीत युद्ध के दौरान विश्व की दो महाशक्तियों ने विकासशील देशों को दोनों में से एक पक्ष को चुनकर विकास करने पर बल दिया, वहीं नेहरूवादी नीति गुटरिनपेक्ष सत्ता की राजनीति, छद्म युद्ध, सैन्य गठबंधन और हथियारों की दौड़ की अस्वीकृति थी। नेहरूवादी नीति के बारे में विचारकों में मतभेद है। जहाँ कुछ विचारक नेहरू के गुट निरपेक्षतावाद को आदर्शवाद और खोखली नैतिकता के रूप में वर्णित करते हैं, वहीं दूसरी तरफ नेहरू को एक आदर्शवादी के स्रूप में वर्णित करते हैं। वहीं दूसरी तरफ नेहरू को एक आदर्शवादी के रूप में देखने के लिए विद्वानों के बीच बहस का विषय बना हुआ है, जिन्होंने कुछ आदर्शों में भारतीय विदेश नीति को आधार बनाने की माँग की या एक यथार्थवादी के रूप में, शीत युद्ध और एक द्विध्रुवीय दुनिया के खतरे को दूर करने के लिए कूटनीति को अत्यधिक महत्त्व दिया। 1950 और 1960 के दशक में भारत की विदेश नीति का गुटनिरपेक्षता की ओर झुकाव अत्यधिक व्यावहारिक और यथार्थवादी था।

1970 के दशक में शीत युद्ध में वृद्धि और परमाणु निर्माण ने पारस्परिक रूप से सुनिश्चित विनाश के खतरे को जन्म दिया। 1970 के दशक में इंदिरा गाँधी भारत की प्रधानमंत्री बनी, जो आदर्शवादी सिद्धांतों के बजाय व्यावहारिक और यथार्थवाद की अभ्यासी थी। उन्होंने भारत के मानसिक विश्व दृष्टिकोण को बदल दिया था। वे राजनीतिक निपुणता और राजनयिक और कुशाग्रता से प्रदर्शन में, भारतीय विदेश नीति के कारण पूरे गुटनिरपेक्ष आंदोलन और सोवियत सोशलिस्ट ब्लॉक के समर्थन को सूचीबद्ध करने में सक्षम थी। इस प्रकार 70 के दशक के परिवर्तनों ने विदेश नीति पर 'नेहरूवादी सहमति' से पर्दा हटा दिया।

## शीत युद्ध के दौरान भारत की विदेश नीति

शीतयुद्ध के काल में भारत की विदेश नीति पाँच प्रधानमंत्रियों–लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गाँधी, मोरारजी देसाई, चरण सिंह और राजीव गाँधी के समग्र मार्गदर्शन में संचालित की गई थी। नेहरू की मृत्यु के पश्चात शास्त्री जी भारत के प्रधानमंत्री बने। उनके छोटे से शासनकाल के दौरान में भारत और पाकिस्तान के बीच में 1965 में युद्ध हुआ। ऐसे समय में शास्त्री जी ने भारतीय सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए अनुकरणीय साहस दिखाया, जिसके परिणामस्वरूप भारत की जीत हुई। ताशंकद में युद्ध के बाद की शांति वार्ता भी शास्त्री जी के नेतृत्वकाल में हुई थी।

तत्पश्चात इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री बनी। उनके नेतृत्व के काल में भारत की विदेश नीति में गुटनिरपेक्षता और पंचशील सहित 'नेहरूवादी सहमति' के साथ प्रमुख विराम देखे गए। इंदिरा गाँधी ने देश के राष्ट्रीय हितों की पूर्ति करने के लिए भारत की विदेश नीति में बदलाव किया और उसे नेहरूवादी आदर्शवाद से दूर कर दिया। 1974 में पोखरण में भारत के पहले परमाणु परीक्षण के माध्यम से उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ विश्व के अन्य देशों को यह संदेश दिया कि भारत को अब मात्र एक राष्ट्र के रूप में नहीं लिया जा सकता। इस प्रकार श्रीमती इंदिरा गाँधी के शासनकाल में भारत की विदेश नीति पहली बार एक यथार्थवादी नीति के रूप में परिलक्षित हुई। इंदिरा गाँधी के पश्चात भारत के प्रधानमंत्री का पद मोरारजी देसाई ने संभाला। अपने छोटे से शासनकाल के दौरान उनकी विदेश नीति का झुकाव सोवियत संघ की ओर नहीं रहा, वे भारत की गुटनिरपेक्षता को वास्तविक गुट निरपेक्षता में बदलना चाहते थे, हालांकि उन्होंने कभी भी 'वास्तविक' शब्द का वर्णन नहीं किया। इसी प्रकार 1979 में अफगानिस्तान में सोवियत घुसपैठ के दौरान चरण सिंह सरकार किसी भी प्रकार का निर्णायक दृष्टिकोण अपनाने में विफल रही।

1984 में जब राजीव गाँधी भारत के प्रधानमंत्री बने, तो भारतीय विदेश नीति कुछ आंशिक परिवर्तनों के लिए तैयार थी। राजीव गाँधी की नीति देश में चल रहे जातीय संघर्षों के समाधान को हल करने की थी, इसलिए अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने असम समझौता, मिजो समझौता एवं पंजाब में शांति की स्थापना के लिए 1985 का समझौता किया। इसी प्रकार शांति समझौतों में भारत में श्रीलंका के उत्तरी हिस्से में शांति स्थापित करने के लिए भारतीय शांति सेना के नाम पर अपने एक सैन्य दल को श्रीलंका भेजा। श्रीलंका में भारतीय शांति सेना अपने उद्देश्यों की पूर्ति नहीं कर पाई, अपितु बड़ी संख्या में भारतीय सैनिकों की जान चली गई। इस प्रकार राजीव गाँधी के शासनकाल में भारत की विदेश नीति राष्ट्रीय हितों के लिए काफी चिंताजनक और हानिकारक रही।

**1990 के दशक के दौरान भारत की विदेश नीति**

1990 के दशक में अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए, जिनका भारत की विदेश नीति पर व्यापक प्रभाव पड़ा। सोवियत संघ के विभाजन के साथ ही विश्व व्यवस्था का परिदृश्य बदल गया। विश्व द्विध्रुवीय व्यवस्था से एकध्रुवीय व्यवस्था में परिवर्तित हो गया।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



सोवियत संघ ने भारत को सुरक्षा कवच प्रदान किया था, लेकिन सोवियत संघ के विघटन के बाद पी.वी. नरसिम्हा राव की सरकार पर अमेरिका ने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को खत्म करने के लिए भारी दवाब बनाया। नरसिम्हा के शासन काल के दौरान भारत की विदेश नीति निरंतर दबाव में रही। इसी काल के दौरान भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था का उदारीकरण शुरू किया। वैश्वीकरण की प्रक्रिया 1990 के दशक में सार्वभौमिक हो गई थी, जिसके परिणामस्वरूप भारत के पास उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण का पालन करके अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के अतिरिक्त कोई रास्ता नहीं था।

नरसिम्हा राव के शासन काल में विदेश आर्थिक नीति के क्षेत्र में 'पूर्व की ओर देखो' की नीति की घोषणा कर बड़ा कदम उठाया। राव का कार्यकाल विदेश नीति के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण कार्यकाल रहा है। पहली बार भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग के लिए दरवाजे खुले।

1990 के दशक का दूसरा भाग भारत में गठबंधन की सरकारों का रहा, जिसमें तीन प्रधानमंत्रियों का शासनकाल अस्थिर रहा। ऐसी स्थिति में विदेश नीति में प्रगति नहीं हुई। प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने अपने छोटे से शासनकाल में अंतर्राष्ट्रीय मामलों और विदेश नीति को नयी दिशा प्रदान की। गुजराल ने भारतीय विदेश नीति के दायरे में एक नया विचार पेश किया, जिसे गुजराल सिद्धांत कहा जाता है। इस सिद्धांत के पाँच मूल सिद्धांत थे, जिसके अंतर्गत पाकिस्तान को छोड़कर बाकी पड़ोसियों के लाभ का विस्तार था।

## एनडीए के तहत भारत की विदेश नीति-1

भारतीय जनता पार्टी ने अपनी अन्य सहयोगी पार्टियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का गठन किया। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1998 में सत्ता में आयी। भारतीय जनता पार्टी की नीतियाँ आंतरिक और बाहरी दृष्टि में कांग्रेस से काफी भिन्न थीं। वाजपेयी सरकार ने अपने शासनकाल की तीनों सरकारों के पहले दिन से ही जहाँ एकतरफ रूसी संघ के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने की बात की, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका के साथ घनिष्ठ सहयोग के पक्ष में भी थी। इसके अतिरिक्त वाजपेयी सरकार ने दक्षिण एशिया के देशों विशेष रूप से पाकिस्तान के साथ अच्छे पड़ोसी संबंधों की नीति को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। वाजपेयी के नेतृत्व काल में ही भारत ने मई 1998 में पोखरण में परमाणु विस्फोट किया। परमाणु परीक्षण के उपरांत एनडीए ने दो पहलों को बढ़ावा दिया—परमाणु शक्ति को बढ़ावा देना और पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंधों को बनाए रखना। 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण करने के साथ स्वयं को परमाणु हथियार वाला राज्य घोषित कर दिया और तत्पश्चात एक जिम्मेदार परमाणु राज्य के रूप में परमाणु ऊर्जा क्लब में शामिल होने की माँग की।

पोखरण-II के बाद भारत के खिलाफ एक मजबूत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया हुई, लेकिन भारतीय राजनीतिक नेतृत्व और कूटनीति के परिणामस्वरूप इन आलोचनाओं और प्रतिबंधों का सफलतापूर्वक सामना करने में सक्षम था। वाजपेयी सरकार ने अमेरिका के साथ बेहतर संबंधों की स्थापना के लिए अमेरिका को बातचीत में शामिल किया। इसी के परिणामस्वरूप मार्च 2000 में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारत आए। अमेरिका में 11 सितंबर, 2001 (9/11) को हुए आंतकवादी हमलों के बाद अमेरिका के साथ संबंधों ने एक नया रणनीतिक आयाम प्राप्त किया। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय आंतकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका को अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया। बुश के प्रशासन काल में एशिया और व्यापक हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए भारत को एक रणनीतिक भागीदार के रूप में शामिल करना शुरू किया।

बुश प्रशासन काल के दौरान ही पोखरण-II के समय के कई प्रतिबंधों को हटा लिया गया। भारत-पाकिस्तान संबंधों को सुदृढ़ करने के संदर्भ में प्रधानमंत्री वाजपेयी का मानना था कि "आप दोस्त बदल सकते है, लेकिन पड़ोसी नहीं। इस भौगोलिक नियतिवाद को महसूस करते हुए उन्होंने पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में सुधार करने के लक्ष्य से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मिलने के लिए लाहौर की बस यात्रा पर गए थे। कारगिल युद्ध की समाप्ति के बाद भारत के पाकिस्तान के साथ संबंधों को पुन: सुधारने के लिए 2001 में परवेज मुशर्रफ को आगरा आमंत्रित किया।

## यूपीए के दौरान भारत की विदेश नीति

डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में दस वर्षों (2004-2014) में कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन भारतीय विदेश नीति का संरक्षक था। यूपीए (UPA) सरकार द्वारा भारत की विदेश नीति में लाए गए प्रमुख पुनर्रचनाओं में से एक भू-रणनीतिक से आर्थिक लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना था। यूपीए सरकार ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भारत के आर्थिक हितों को बढ़ावा देने के लिए विदेश नीति को एक उपकरण के रूप में उपयोग करने की भी माँग की। आर्थिक विचारों के अतिरिक्त संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) ने अपने शासनकाल के दौरान भारतीय विदेश नीति ने देश को अलग-अलग शासनों तक पहुँच प्राप्त करने के लिए प्रतिबंधात्मक प्रौद्योगिकी व्यवस्थाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयास किए।

यूपीए के शासनकाल में भारत-पाकिस्तान संबंधों में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने सितंबर 2004 में संयुक्त राष्ट्र की महासभा के सत्र के दौरान पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुर्शरफ से मुलाकात की। दोनों देशों के नेताओं ने कश्मीर सहित सभी समस्याओं की शांतिपूर्ण हल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों की सीमाओं पर तनाव कम करने के लिए कई विश्वास बहाली उपायों पर दोनों देश सहमत हुए। 2006 में भी गुटनिरपेक्ष देशों के हवाना सम्मेलन ने दोनों देशों को एक शिखर बैठक करने का अवसर दिया। चीन के साथ भी अपने संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने महत्त्वपूर्ण प्रयास किए। 2005 में चीन के प्रधानमंत्री वेन जियाबाओ ने भारत की यात्रा की, जिसमें दोनों देशों ने आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया।

www.neerajbooks.com